न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, हनुमानगढ़

उनवान श्री दर्शनसिंह पुत्र सोहनसिंह, गोविन्दराम पुत्र तिलोकदास, चुनीराम पुत्र तिलोकदास वगैरह निवासी मक्कासर बनाम स्टेट।

किस्ममुकदमा चक 6 एसटीजी में खाला के स्थान पर रास्ता स्वीकृत करने हेतु प्रार्थना पत्र

पत्रावली नं0 19 वर्ष 2018

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
23/1/2018	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीगण दर्शन सिंह पुत्र सोहन सिंह, गोविन्दराम पुत्र तिलोकदास, चुनीराम पुत्र तिलोकदास आदि निवासी मक्कासर ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि चक 5 एसटीजी के पत्थर नम्बर 97/261 किला नम्बर 5–6–15–16–25 में राजस्व रिकार्ड में खाला दर्ज रिकार्ड है। परन्तु मौका पर खाला नहीं चल रहा है। इसलिए उक्त गै0मु0 खाला को निरस्त कर रास्ता स्वीकृत किया जावें। प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र के साथ अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन खण्ड द्वितीय, हनुमानगढ़ का पत्र राजस्व/2017/1321 दिनांक 31/5/2017 संलग्न है। पत्र में चक 6 एसटीजी के पत्थर नम्बर 97/261 किला नम्बर 5–6–15–16–25 में जल संसाधन विभाग द्वारा खाला चालू नहीं है न ही इस जलमार्ग की चक 6 एसटीजी को आवश्यकता है। इस विभाग द्वारा निरस्त जलमार्ग को राजस्व विभाग में गैर मुमकिन को मुमकिन दर्ज किया जावे तो कोई एतराज नहीं है। इस प्रकरण में तहसीलदार हनुमानगढ़ से प्राप्त रिपोर्ट दिनांक 8/6/2017 व पटवारी हल्का मक्कासर की रिपोर्ट 26/10/2017 पेश हुई। रिपोर्ट अनुसार चक 6 एसटीजी के पत्थर नम्बर 97/261 किला नम्बर 5–6–15–16–25 में राजस्व रिकार्ड में प्रत्येक में .025 हैक्टर गै0मु0 खाला दर्ज रिकार्ड है। परन्तु मौके पर खाला नहीं चल रहा है। उक्त किला नम्बर 5–6–15 में घरेलू आड बना रखी है तथा किला नम्बर 16–25 में काश्त की हुई है। श्री चुन्नीलाल पुत्र त्रिलोकदास जाति वैरागी निवासी मक्कासर के नाम पत्थर नम्बर 97/261 किला नम्बर 5 दर्ज रिकार्ड है। श्री बदरीदास पुत्र त्रिलोकदास जाति वैरागी के नाम पत्थर नम्बर 97/261 किला नम्बर 6 दर्ज रिकार्ड है। श्री बलविन्द्र सिंह पुत्र जंगीर सिंह 0.721 है . कौम जटसिख बीरबल उर्फ बीरबलसिंह पुत्र सरवन सिंह कौम कुम्हारसिख 0.050 है रलदूसिंह वल्द लालसिंह कौम कुम्हार 0.633 है अर्जुन राम वल्द बशीधर 0.253 है जाति जाट निवासी मक्कासर दर्शनसिंह वल्द सरबनसिंह 1.657 है कौम कुम्हारसिख निवासी मक्कासर के नाम पत्थर नम्बर 97/261 किला नम्बर 15–16 दर्ज रिकार्ड है। श्री पुष्पादेवी पत्नी राजकुमार मोनिका पुत्री राजकुमार ,मोहित पुत्र राजकुमार जाति जाट निवासी मक्कासर के नाम पत्थर नम्बर 97/261 किला नम्बर 25 दर्ज रिकार्ड है। प्रार्थीया पुष्पादेवी पत्नी राजकुमार जाति जाट निवासी मक्कासर का प्रार्थना पत्र जरिए अधिवक्ता पेश हुआ। जिसमें प्रार्थीया ने रास्ता स्वीकृति पर एतराज जताया है तथा प्रार्थीगण दर्शनसिंह आदि को अन्यत्र सुविधाजनक रास्ता होना बताया है।	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Scanned by CamScanner

पत्रावली का अवलोकन किया गया। चक 6 एसटीजी के पत्थर नम्बर 97 / 261 किला नम्बर 5–6–15–16–25 में प्रत्येक किला में 0.025 है राजस्व रिकार्ड में वर्तमान में गै0मुमकिन खाला दर्ज रिकार्ड है। जबकी जल संसाधन विभाग खण्ड द्वितीय हनुमानगढ के रिकार्ड अनुसार खाला स्वीकृत नही है। तहसीलदार हनुमानगढ की रिपोर्ट में भी उक्त खाला मौके पर नही चलना बताया गया है।

अतः चक 6 एसटीजी के पत्थर नम्बर 97 / 261 किला नम्बर 5–6–15–16–25 में प्रत्येक किला में 0.025 है दर्ज गै0 मु खाला को जल संसाधन विभाग खण्ड द्वितीय हनुमानगढ में जलमार्ग स्वीकृत न होने के कारण निरस्त किया जाता है। प्रार्थीगण रास्ता हेतु नियमानुसार अलग से प्रार्थना पत्र पेश करे। निर्णय की पालना हेतु तहसीलदार हनुमानगढ को आदेश जारी हो। पत्रावली निर्णीत शुमार होकर नम्बर से कम दाखिल दफतर हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official
Scanned by CamScanner